दिनांक–10.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान कुल मतदान केन्द्रों की संख्या के 75 प्रतिशत के बराबर कैमरे लगाने को दी मंजूरी।
- बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण बैतूल लोकसभा सीट पर चुनाव स्थगित।
- उज्जैन में शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम में पांच लाख 51 हजार दीपों से जगमगा उठा क्षिप्रा नदी का तट।
- राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में हुई बारिश, ओले भी गिरे। आज भी ऐसा ही बना रहेगा मौसम।

निर्वाचन वेबकास्टिंग

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान कुल मतदान केन्द्रों की संख्या के 75 प्रतिशत के बराबर कैमरे लगाने की अनुमति प्रदान कर दी है। बेवकास्टिंग के लिये कैमरे मतदान केंद्र के भीतर और बाहर भी लगाये जा सकेंगे। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल जबलपुर संभाग के जिलों में चल रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में दी। बैठक में चुनाव अधिकारी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। श्री राजन ने जबलपुर संभाग के बाद रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में भी तैयारियों की समीक्षा की। श्री राजन ने बैठक में आदर्श आचरण संहिता सहित निर्वाचन नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने जिलों में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों का ब्यौरा लिया।

मतदान जागरूकता

प्रदेश में मतदान के लिए आम लोगों को जागरूक करने के लिए ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। झाबुआ में ग्राम पंचायत वागलावाट के भूरिया फलिया में मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया। वहीँ, कल 18 लाख से अधिक की अवैध शराब भी पकड़ी गयी है। आगरमालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद् के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कल कार्यालय परिसर में नैतिक मतदान की शपथ ली। धार में भारतीय खेल प्राधिकरण, जैतपुरा द्वारा लोकसभा चुनाव मे बिना लोभ लालच के मतदान करने के लिए छात्र–छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इंदौर जिले में मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, समाचारों और पेड न्यूज पर सतत निगरानी रखी जायेगी।

निवाड़ी में सामान्य प्रेक्षक डॉ. येद्दुला विजय की अध्यक्षता में सुचारू निर्वाचन कराने के लिए नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पन्ना में ईव्हीएम का द्वितीय रेण्डमाइजेशन 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय में प्रेक्षक की उपस्थिति में होगा। रायसेन जिले के सांची विकासखण्ड के ग्राम सत्ती में शासकीय विद्यालय के शिक्षकों तथा छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम में जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

बैतूल–मतदान स्थगित

प्रदेश में आज बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अशोक भलावी के हार्टअटेक से निधन के बाद बैतूल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। जिससे इस निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। चुनाव आयोग द्वारा उचित समय पर नये मतदान कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

उज्जैन नगर गौरव दिवस

उज्जैन में क्षिप्रा नदी का तट कल शाम एक साथ प्रज्ज्वलित किए पांच लाख 51 हजार दीपों से जगमगा उठा। शंख, डमरू, झांझ की ध्वनि, भव्य आतिशबाजी और फिर प्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल के सुमधुर गीतों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। नगर गौरव दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम आयोजित किया गया था। नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि विभिन्न संगठनों एवं संस्था के आठ हजार से अधिक वालंटियर्स एवं 1500 से अधिक अधिकारियों–कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्वलित किए गए। पूरा कार्यक्रम नगर निगम की ओर से जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में हुआ। इस कार्यक्रम में उपयोग लाई गई हर सामग्री को पुनः उपयोग में लेने को तत्काल एकत्रित किया गया।

एनटीए–स्पष्टीकरण

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र आम चुनाव में वोट डालते हैं और अपनी उंगलियों पर स्याही लगवाते हैं, उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से नहीं रोका जाएगा। एजेंसी द्वारा कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस संबंध में चल रहे संदेश पूरी तरह से निराधार हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा है कि उसने ऐसा कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किया है। एजेंसी ने छात्रों से कहा है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

मौसम

प्रदेश में बीते तीन दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है. अनेक जिलों में तेज हवाओं के साथ रुक–रुक बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। कल भी राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में बारिश हुई और कई जगह ओले भी गिरे। विभाग ने आगामी 15 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना जताई है। बेमौसम बारिश से तपिश से तो राहत मिल गई है, लेकिन इससे खेतों में कटकर रखी फसल के बर्बाद होने की आशंका है। बैतूल जिले के भीमपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाला कुंडी ग्राम शिमला बन गया। यहां पर हुई भारी ओलावृष्टि से जहां बर्फ की चादर बिछ गई वहीं रंभा मेले में आए ग्रामीण जान बचाने के लिए इधर–उधर भागते हुए नजर आए। रायसेन जिले में बारिश के कारण कृषि उपज मंडी, खेत खलियान और वेयर हाउस के बाहर रखा गेहूं भीग गया।

मौसम विभाग के मुताबिक आज भी भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल संभाग के जिलों में कई स्थानों एवं इंदौर, उज्जैन व ग्वालियर संभाग के कुछ जिलों में वर्षा होने की संभावना है। भोपाल, नर्मदापुरम, शहडोल एवं जबलपुर संभाग के जिलों में ओले भी गिरने के भी आसार हैं।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने एक रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। पंजाब की ओर से शशांक सिंह ने 25 गेंदों में 46 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे। कल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- भारत की जगजीत पवाडिया को 2025–2030 की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (आईएनसीबी) के लिए फिर से चुना गया है। सुश्री पवाडिया 2015 से अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की सदस्य हैं।
- विक्रम विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह राज्यपाल मंगू भाई पटेल की अध्यक्षता में कल संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा उपाधि और गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।
- भाजपा ने निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा आयोजित 'वादा निभाओ यात्रा' में अश्लीलता परोसने को लेकर शिकायत की है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यात्रा के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अश्लील नृत्य का आयोजन किया जा रहा है।
- मैहर में चैत्र नवरात्रि में लगने वाले मेला में मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों से आने वाले लाखों यात्रियों की सुविधा के लिए 30 ट्रेनें आज से मैहर स्टेशन पर पांच मिनट के लिए रुकना शुरू हो गई हैं। रेलवे ने जबलपुर से जाने और आने वाली इन 30 ट्रेनों को आज नौ से 23 अप्रैल के बीच पांच मिनट का अस्थाई ठहराव दिया है।

- छतरपुर में सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए एक विशेष यातायात अभियान चलाया जा रहा  है। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए समस्त थाना प्रभारी को भी निर्देशित किया गया है।

-------------------